लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

संसद सदस्यों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री गुलाम नबी आजाद; संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रह्लाद सिंह पटेल और पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री एल.के. आडवाणी ने लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर अनेक संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने भी सरदार हुकम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित सरदार हुकम सिंह के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

सरदार हुकम सिंह एक जाने - माने संसदविद, विख्यात विधिवेत्ता, समाज सुधारक और कुशल प्रशासक थे। वह अप्रैल,1948 में संविधान सभा के लिए चुने गए; वह अस्थायी संसद (1950-52) तथा पहली, दूसरी और तीसरी लोक सभा के भी सदस्य थे। सरदार हुकम सिंह 20 मार्च,1956 को लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए और दूसरी लोक सभा में भी इस पद के लिए पुनः निर्वाचित हुए। सरदार हुकम सिंह को सर्वसम्मति से तीसरी लोक सभा के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया और उन्होंने 17 अप्रैल, 1962 से 16 मार्च 1967 तक सभा की अध्यक्षता की। तत्पश्चात् वह 1967 से 1972 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे।

27 मई,1983 को सरदार हुकम सिंह का निधन हो गया।

Parliamentarians pay tributes to Sardar Hukam Singh

New Delhi, 30 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla; Leader of Opposition in Rajya Sabha Shri Ghulam Nabi Azad; Minister of State (Independent Charge) for Culture and Tourism Shri Prahalad Singh Patel and former Deputy Prime Minister Shri L. K. Advani paid floral tributes at the portrait of the former

Lok Sabha Speaker, Sardar Hukam Singh in the Central Hall of Parliament House on his birth anniversary today.

Among others who paid floral tributes to Sardar Hukam Singh were several Members of Parliament and former Members of Parliament. The Secretaries-General of Lok Sabha and Rajya Sabha Smt. Snehlata Shrivastava and Shri Desh Deepak Verma respectively also paid floral tributes.

A booklet containing the profile of Sardar Hukam Singh, brought out in Hindi and English by the Lok Sabha Secretariat, was presented to the dignitaries.

Sardar Hukam Singh was an eminent parliamentarian, a noted jurist, a social reformer and an able administrator. He was elected to the Constituent Assembly in April 1948; he was also a member of the Provisional Parliament (1950-52) and First, Second and Third Lok Sabha.Sardar Hukam Singh was elected as Deputy Speaker of Lok Sabha on 20 March 1956, and he was re-elected to the same office again during the Second Lok Sabha. Sardar Hukam Singh was unanimously elected as the Speaker in the Third Lok Sabha and he chaired the House from 17 April 1962 to 16 March 1967. Later, he was the Governor of Rajasthan from 1967 to 1972.

Sardar Hukam Singh passed away on 27 May 1983.